पत्रिका

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जन जागरूकता कार्यक्रम



दुर्ग.भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा गोदग्राम कोनारी में विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर एक विशेष जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण समुदाय में तंबाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाना तथा स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी रॉलिक बेंजामिन दास ने की। मुख्य वक्ता सामाजशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. भूमिका मिश्रा ने वैज्ञानिक तथ्यों और आंकड़ों के माध्यम से तंबाकू सेवन के दुष्परिणामों को समझाते हुए बताया कि तंबाकू न केवल कैंसर, हृदय रोग और सांस लेने संबंधी समस्याओं का कारण है, बल्कि यह सामाजिक और आर्थिक रूप से भी परिवारों को प्रभावित करता है। उन्होंने यह भी बताया कि तंबाकू त्यागने के लिए परामर्श और स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हैं, जिनका लाभ लेना चाहिए। कार्यक्रम में डॉ. रोहित कुमार वर्मा, डॉ. सीमा द्विवेदी और सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी रौनिका वाणी ने भी अपने विचार व्यक्त किए।